प्रधानमंत्री-राजस्थान दौरा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान के अजमेर में 16 हजार 680 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं को लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया।इससे पहले, श्री मोदी ने 14 वर्ष की आयु की बालिकाओं के लिए ह्यूमन पैपिलोमावायरस-एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया। इस पहल का उद्देश्य सर्विकल कैंसर की रोकथाम करना है, जो महिलाओं में कैंसर से संबंधित रुग्णता के प्रमुख कारणों में से एक है। देश भर में बालिकाओं और महिलाओं के दीर्घकालिक स्वास्थ्य की सुरक्षा की दिशा में ये एक महत्वपूर्ण कदम है।प्रधानमंत्री की उपस्थिति में, पांच बालिकाओं को एचपीवी का टीका लगाकर अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी उपस्थित थे। टीकाकरण के बाद प्रधानमंत्री ने बालिकाओं से बातचीत भी की।प्रधानमंत्री ने राज्य सरकार के विभिन्न विभागों मे चयनित 21 हजार आठ सौ से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र भी वितरित किए।

विज्ञान दिवस

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर प्रदेश के वैज्ञानिकों और विज्ञान प्रेमियों को हार्दिक बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर अपने संदेश में महान भारतीय वैज्ञानिक सर सी.वी. रमन को याद करते हुए कहा कि वर्ष 1928 में आज ही के दिन उनकी ऐतिहासिक खोज 'रमन प्रभाव' से दुनिया परिचित हुई थी। डॉ. यादव ने जोर दिया कि यह दिवस विज्ञान के प्रति समर्पित हमारी प्रतिभाओं को विश्व कल्याण के संकल्प के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

चीता प्रोजेक्ट

कूनो नेशनल पार्क के 'चीता प्रोजेक्ट' को आज एक और बड़ी कामयाबी मिली है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने आज बोत्सवाना से लाए गए 9 नए चीतों को कूनो के बाड़ों में मुक्त किया। वायुसेना के विशेष विमान से आए इन चीतों के साथ अब कूनो में चीतों की कुल संख्या बढ़कर 48 हो गई है। चार साल के पॉपुलेशन रिवाइवल प्लान के तहत यह दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया के बाद अफ्रीका से आई तीसरी खेप है। विशेषज्ञों की निगरानी में इन सभी को क्वारंटीन में रखा गया है।

महाकाल- रंग-गुलाल

विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर मंदिर में होली पर्व के दौरान सुरक्षा के मद्देनजर इस बार प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। मंदिर प्रबंध समिति ने 2 और 3 मार्च को संपूर्ण परिसर और महाकाल लोक में रंग-गुलाल ले जाने पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया है। यह निर्णय साल 2024 की भस्म आरती के दौरान हुई आगजनी की घटना को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। श्रद्धालुओं के साथ-साथ अब पुजारी और कर्मचारियों को भी सघन जांच के बाद ही प्रवेश मिलेगा। हालांकि, परंपरा का निर्वहन करते हुए भगवान को केवल एक किलो प्रतीकात्मक हर्बल गुलाल अर्पित किया जाएगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सीसीटीवी कैमरों से हर गतिविधि पर नजर रहेगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी।

मौसम

प्रदेश में मौसम एक बार फिर करवट लेने जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, 2 मार्च से सक्रिय हो रहे पश्चिमी विक्षोभ के कारण प्रदेश में आंधी और बारिश के आसार बन रहे हैं। इसका सबसे ज्यादा असर ग्वालियर-चंबल अंचल में देखने को मिलेगा, जहाँ होली पर बादलों की आवाजाही के साथ हल्की बारिश या 'मावठा' गिर सकता है।फिलहाल, प्रदेश में गर्मी भी रफ्तार पकड़ रही है। खरगोन में पारा 34.8 डिग्री तक पहुँच गया है, वहीं भोपाल, इंदौर और जबलपुर में भी तापमान 32 डिग्री के पार दर्ज किया गया है।

समाचार संक्षेप में -----

- शिवपुरी जिले में होलिका महोत्सव की शुरुआत हो गई है। शिवपुरी जिला मुख्यालय पर मध्य प्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी महिला स्वसहायता समूह की दीदीयों ने होली महोत्सव के तहत दो दिवसीय होली मेले का आयोजन किया।
- आगरमालवा मे विकसित भारत युवा संसद 2026 का जिला स्तरीय आयोजन में विद्यार्थियों द्वारा संसद की कार्यवाही का मंचन प्रस्तुत किया गया।
- बैतूल में शासकीय जमीन पर अतिक्रमण कर बनाए गए शॉपिंग काम्प्लेक्स पर जिला प्रशासन ने हाईकोर्ट के निर्देश पर बुलडोजर चला दिया। काम्प्लेक्स में 14 दुकानें थी ।

- खण्डवा में आगामी दिनों में आने वाले त्यौहारों को शांतिपूर्वक एवं सद्भावपूर्ण तरीके से मनाने के उद्देश्य से 2 मार्च सोमवार को जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई है।